राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

वित्त भवन, ए–ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर–302015

(दूरभाष नं0:–0141–2740837,, फैक्स 0141–2742309, ई मेल:–jacct.dta@rajasthan.gov.in)

---

कमांकः– एफ.4(ई)निप / लिंक नं. 10058 / 2013 / अलेसे–II / 5570 दिनांक :– 12.03.2025

## आदेश

निदेशालय के आदेश संख्या 245 / 2024–25 दिनांक 15.01.2025 द्वारा श्री अविनाश शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का स्थानान्तरण कार्यालय उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) दौसा से कार्यालय सहायक निदेशक, अभियोजन दौसा तथा श्री आशीष कुमार शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का कार्यालय सहायक निदेशक, अभियोजन दौसा से कार्यालय उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) दौसा में किया गया था। जिसकी पालना में श्री आशीष कुमार शर्मा ने दिनांक 20.01.2025 को मध्यान्ह पश्चात् कार्यालय उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) दौसा में कार्यग्रहण कर लिया गया, किन्तु श्री अविनाश शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II द्वारा राजस्थान सिविल सेवा अपील प्राधिकरण जयपुर में दायर अपील संख्या 687 / 2025 में पारित निर्णय द्वारा दिनांक 06.02.2025 में निदेशालय के स्थानान्तरण आदेश संख्या 245 / 2024–25 दिनांक 15.01.2025 पर स्थगन दिये जाने के कारण कार्यालय उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) दौसा में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के स्वीकृत एक पद के विरूद्व दो सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II पदस्थापित है।

अतः श्री अविनाश शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का वेतन वर्तमान कार्यालय से एवं श्री आशीष कुमार शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का वेतन पूर्व कार्यालय सहायक निदेशक, अभियोजन दौसा में अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग के रिक्त पद से आहरित करने की एतद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(भूपेश माथुर)

निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

कमांकः– एफ.4(ई)निप / लिंक नं. 10058 / 2013 / अलेसे–II / 5570 दिनांक :– 12.03.2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) दौसा।
2. सहायक निदेशक, अभियोजन दौसा।
3. उपविधि परामर्शी कार्यालय हाजा।
4. श्री अविनाश शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, कार्यालय उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) दौसा।
5. उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
7. निजी पत्रावली / गार्ड फाइल।

(सीमा कौशल)

संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II / III)